# धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा महोत्सव

## फैंसी ड्रेस, सिंधु संगीत संध्या, चित्रकला प्रतियोगिता, वाहन रैली, शोभायात्रा के साथ होंगे आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान झूलेलाल सांई जी का जन्म दिवस चेटीचंड महोत्सव के रूप में 30 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा, इसके लिए विधिवत रूप रेखा तैयार की गई है। आयोजन की श्रृंखला में 24 मार्च को श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का पाठ आरंभ किया गया है। जिसमें प्रतिदिन सुबह शाम आरती पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हो रहे हैं।

**विशेष ड्रेस कोड के साथ महिलाओं की वाहन रैली आज**–चेटीचड महोत्सव की उपलक्ष्य में आज 28 मार्च शुक्रवार को महिलाओं, बालिकाओं के लिए नगर में पहली बार वाहन रैली का आयोजन किया गया है। इसमें विशेष ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, रैली में दो पहिया और चार पहिया वाहनों को शामिल किया गया है। वाहन रैली अंबेडकर वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर से सुबह 10 बजे निकलकर भगवान झूलेलाल साईं के जयकारों के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए झूलेलाल मंदिर में विराम लेगी।

**एक शाम सिंधीयत के नाम पर संगीत संध्या**–आज 28 मार्च शुक्रवार को एक शाम



सिंधीयत के नाम सिंधु संगीत संध्या का विशाल आयोजन किया गया है।यह आयोजन कीर्ति माता कैंपस सुभाष वार्ड में रात्रि 7.30 बजे से आयोजित होगा, इसमें बॉलीवुड सिंधी सिंगर अजय मुकेश एवं प्रियंका केशवानी अपनी सुरीली आवाज से मधुर गीतों पर प्रस्तुति देंगे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे खास**–मातृशक्ति संगठन के द्वारा 27 मार्च को वूमेन्स फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें प्रतिभागियों के लिए उम्र निर्धारित की गई,परफॉरमेन्स शालीनता पूर्ण के साथ-साथ विभिन्न स्टाइलिश प्रस्तुति भी शामिल रहीं। 29 मार्च को चित्रकला स्पर्धा में साईं झूलेलाल के चित्र में रंग भरना,मानव सेवा सच्ची सेवा,स्वच्छता प्रेरणा, चेटीचड महोत्सव विषय पर आयोजित चित्रकला में प्रतिभागी अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे। नन्हे बाल कलाकारों के द्वारा सिंधी नर्सरी रायम्स कविता का आयोजन किया गया है।

**श्री झूलेलाल मंदिर में विभिन्न आयोजन**–अंबेडकर वार्ड स्थित श्री भगवानी बाई केवल राम श्री झूलेलाल मंदिर में 29 मार्च शनिवार को सुबह 10 बजे भगवान झूलेलाल साईं का अभिषेक किया जाएगा, इसके पश्चात सुक्को सेसा का वितरण किया जाएगा, 30 मार्च दोपहर को भगवान झूलेलाल साईं का विधिवत के पूजन अर्चन के पश्चात स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया जाएगा, शाम को बहिराणा साहिब के पूजन अर्चन के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी।

**वाहन रैली और विशाल शोभायात्रा का होगा आयोजन**–30 मार्च को सुबह 9 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होगी, जो कि मंडला शहर एवम् उपनगर महाराजपुर के मुख्य मार्गो से निकलेगी,वाहन रैली में भगवान झूलेलाल साईं के जयघोष करते हुए वृहत आयोजन होगा,वाहन रैली का जगह जगह स्वागत किया जाएगा,इसके पश्चात श्री गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का भोग का कार्यक्रम होगा,इसके उपरांत भजन कीर्तन का आयोजन रहेगा। तदोपरांत सामाजिक आम लंगर आयोजित होगा जिसमें सभी जन प्रसादी ग्रहण करेंगे,सायं काल में पूज्य मुखी साहब की मौजूदगी में पंडित वासुदेव शर्मा के द्वारा श्री बहिराणा साहिब जी की पूजा अर्चना संपादित होगी और विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें भगवान झूलेलाल जी, संत कंवर राम जी, श्री राम दरबार एवं महापुरुषों की आकर्षक झांकियां से सुसज्जित होकर बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मां नर्मदा के तट पर भगवान झूलेलाल की पल्लव पूजा के साथ संपन्न होगी।

# प्रदेश सरकार दु:खी परिवारों के साथ हर पल खड़ी है : मंत्री उइके

## नियुक्ति पत्र वितरित किए

**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आज का दिन गौरव का दिन है, जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल कर आवेदकों को चिन्हित कर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इन दु:खी परिवारों के साथ हर पल खड़ी है। उनके परिवार में जो अपूर्णीय क्षति हुई है उसकी भरपाई करना असंभव है, लेकिन पीड़ित परिवार को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कर राहत प्रदान की जा रही है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके गुरूवार को जिला योजना भवन में स्मृति सुमन शिविर अनुकंपा नियुक्ति परिवार का संबल कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने दीप प्रज्वलित कर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 9 आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए जिसमें सुभाष कश्यप, सोनम कुमरे, हिमांशु, अर्जुन, गायत्री, अभिमांशु, सत्यम पांडे, विकास सिंह और शैली सिंह प्रमुख हैं। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, नगर भाजपा अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत,



एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, एसडीएम घुघरी सीके वर्मा, एसडीएम नैनपुर अविनाश ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

मंत्री उइके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि प्रदेश के हर व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध होता रहे। इसलिए प्रदेश के नागरिक, किसान, युवा, महिला, वृद्ध सहित समस्त हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। जिसका लाभ हर वर्ग के हितग्राही को मिल रहा है।

## सार-समाचार

### ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का 30 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर सेटी मंडला में 24 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिले के सभी विकासखंडों से आए 70 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई। समापन कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपना परिचय दिया एवं आरसेटी डायरेक्टर द्वारा सभी को भविष्य में अपना स्वरोजगार स्थापित करने का सुझाव दिया एवं उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं ऋण हेतु सहयोग की बात कही साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन कार्यक्रम में डायरेक्टर आर सेटी राजेश रॉय, एफएलसीसी के.के. अवस्थी, कार्यक्रम समन्वयक राजीव शर्मा एवं यश मोहन उसराठे, अमित यादव, अमन पटेल उपस्थित रहे।

### सब जूनियर महिला-पुरुष राष्ट्रीय पिट्ठू क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** पिट्ठू फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वाधान में 07 मई से 09 मई तक स्थान इंदौर , जिला इंदौर में सीनियर एवं सब जूनियर महिला/पुरूष राष्ट्रीय पिट्ठू क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित किया जाना है , जिसमें ट्रायबल वेल्फेयर पिट्ठू एसोसिएशन की टीमें सहभागिता करेंगीं , ट्रायबल वेल्फेयर पिट्ठू एसोसिएशन की टीमों का चयन हेतु चयन ट्रायल 08 अप्रैल-2025 को शास. कन्या उच्च. माध्य.विद्यालय नैनपुर , जिला मण्डला मध्यप्रदेश में सुबह 10:00 बजे से सम्पन्न किया जाना है , अत: उपरोक्त चयन ट्रायल में जो भी खिलाड़ी सहभागिता करना चाहते है वे निर्धारित दिनाँक , स्थान व समय पर अपना अपना आधार कार्ड , जन्म प्रमाण पत्र , मूलनिवासी प्रमाण पत्र एवं कक्षा 10 वी व 12 वी की अंकसूची , व दो पासपोर्ट साईज की फोटो साथ मे लेकर उपस्थित होवें।

### मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों की बैठक 27 मार्च को बैठक

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री ओंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा का 26 मार्च की शाम को मंडला आगमन हो रहा है। सदस्य द्वय द्वारा 27 मार्च को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से संबंधित विभाग/स्टेक होल्डर्स के साथ समीक्षा/समन्वय बैठक ली जायेगी। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी जनसंपर्क विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, प्रभारी कौशल विकास उन्नयन केन्द्र को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### आपदा प्रबंधन जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ शासकीय महाविद्यालय अंजनिया के संयुक्त तत्वाधान में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला होमगार्ड एवं राज्य आपदा मोचन बल जिला मंडला से उप निरीक्षक श्री हेमराज परस्ते के नेतृत्व में टीम द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं मानव निर्मित विभिन्न आपदाओं जैसे बाढ़, अग्नि दुर्घटना, सड़क दुर्घटना आदि के समय बचाव एवं सावधानी संबंधी जानकारी दी गई।

### आर केलेश्वर राव का निधन

**नैनपुर, देशबन्धु।** वार्ड नंबर 5 नैनपुर निवासी रेलवे से सेवानिवृत हुए आर केलेश्वर राव 91 वर्ष का निधन हो गया। आप सीनू, मोहन, बाला राव के पिता थे।

# ग्रीष्मकाल में नागरिकों को किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या न रहे : मंत्री उइके

**मण्डला,देशबन्धु।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जल-जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करें, जिससे जल-जीवन मिशन का संचालन कुशलतापूर्वक हो सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित होने वाले जल-जीवन मिशन के कार्यों की पूर्णत: जांच कर लें, जिससे किसी भी प्रकार की कमी न रहे।

हस्तांतरित करने के पूर्व जल-जीवन मिशन के कार्यों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा अवलोकन करा लिया जावे, जिससे किसी भी प्रकार की कमी होने पर तत्काल उसे दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला लगातार अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें। पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में निगरानी रखे और पेयजल की आपूर्ति कराए। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके गुरूवार को जिला योजना भवन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बैठक में जल-जीवन मिशन तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, नगर भाजपा अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, एसडीएम घुघरी सीके वर्मा, एसडीएम नैनपुर अविनाश ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी नलजल योजना संचालित रहें और किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या न रहे। उन्होंने बंद पड़ी नलजल योजनाओं को प्रारंभ करने तथा खराब पड़े हेंडपंपों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए सभी अधिकारी आपसी तालमेल एवं समन्वय बनाकर काम करें। जिससे ग्राम पंचायत, मजरे, टोलो, स्कूल, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी केद्रों में पेयजल व निस्तार के लिए पानी की समस्या न रहे। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि खराब पड़े हेंडपंपों को तत्काल दुरूस्त करें। पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में निगरानी हेतु व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपे।

# सर्री में हवेली क्षेत्र के पेंशनरों का स्नेह सम्मेलन आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला मण्डला कि क्षेत्रीय इकाई सर्री में अध्यक्ष जमना प्रसाद सिंगौर व जिला उपाध्यक्ष महेश प्रसाद सिंगौर के संयुक्त प्रयास से हवेली क्षेत्र में निवासरत पेंशनरों का स्नेह सम्मेलन उप प्रांताध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य, संभागीय उपाध्यक्ष अधार सिंह राजपूत की अध्यक्षता, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गोपाल कछवाहा, कोषाध्यक्ष एस.एन. अली, चीफ एडवाईजर यशवंत डिके, जिला प्रवक्ता किशोर गुप्ता, सर्री इकाई के संरक्षक बालाराम जी जंघेला व सर्री सरपंच प्रेम लाल उइके के विशिष्ट आतिथ्य में शिवालय परिसर में आयोजित किया गया। मंच का प्रभावी संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेश्वर के द्वारा किया गया। शिव पूजन-वंदन मंचासीन अतिथि के द्वारा किये जाने के पश्चात सुरेश्वर जी ने अपने-अपने क्षेत्र में पेंशनर्स सदस्यता अभियान अंतर्गत की गई गतिविधियों से अवगत कराने नैनपुर अध्यक्ष रामगोपाल पटले आमंत्रित किया।

# जिपं सीईओ ने शासकीय माध्यमिक शाला में स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ

**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने आज शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक शाला मैन ब्रांच में प्राइमो पिक एन पैक प्राईवेट लिमिटेड मनेरी के सीएसआर मद से तैयार की गई स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। यह पहल छात्रों को आधुनिक शिक्षा तकनीक से जोड़ने और उन्हें बेहतर सीखने का माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि स्मार्ट क्लास आज के समय की आवश्यकता है और यह छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि शासन, शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सीईओ जिला पंचायत ने स्मार्ट क्लास में डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर और इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी आधुनिक तकनीक के माध्यम से बच्चों को प्रभावी शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पाठशाला के अध्यापकों ने स्मार्ट बोर्ड पर डेमो का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा, रंजीत गुप्ता, जीएमडीआईसी नंदकिशोर वास्कले, एपीसी शेषमणी गौतम, बीआरसी अनादि वर्मा, विमलेश मिश्रा सहित संबंधित उपस्थित रहे। बीआरसी अनादि वर्मा ने बताया कि मेनब्रांच स्कूल में अभी तक परंपरागत तरीके से शिक्षण कार्य किया जाता था। कंपनी के सीएसआर से मिली सहायता के बाद यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दिया जाना संभव हो सकेगा, जिससे शासकीय शाला के विद्यार्थी भी निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता श्रेयांश कूमट

## एफएलएन की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट ने शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों की बैठक ली। जिला योजना भवन में आयोजित एफएलएन की मासिक बैठक में नये शिक्षण सत्र के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्हों ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए पाठयक्रम के साथ-साथ पाठयेत्तेर गतिविधियों की भी श्रंखला चलानी होगी।

समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, अभी तक इसकी प्रगति निराशाजनक है। जिन विकासखंड की प्रगति 95: से कम है वह विशेष ध्यान देकर इसकी प्रगति सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यकता अनुसार आधार कैंप, समग्र के कैंप लगाएं। बच्चों के खातों में गणवेश की राशि सत्र के शुरू होने के पहले ही दी जा रही है। इसके लिए बीईओ-बीआरसी यह सुनिश्चित कराएं कि सभी बच्चे शालाओं में



गणवेश पहनकर ही आएं। उन्हौंने शाला प्रबंधन समिति के विषय में समीक्षा करते हुए कहा कि एसएमसी के महत्वउ को समझें उनके पास उपलब्धत राशि तथा पंचायत के समन्वकय से स्कू ल भवन मरम्मित तथा आवश्योकतानुसार कार्य स्कूल स्ततर पर ही पूर्ण कराने का प्रयास करें। राज्यी स्तसर से पाठयपुस्तोकें जिले को प्राप्त् हो रही हैं, जितनी संख्याार में किताबें हमारे पास है उन्हें शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में ही स्कोलों को वितरित करें। एफएलएन मेला समय पर आयोजित कराएं, ध्यायन रखें कि एफएलएन केवल नंबर्स में सीमित न रहे इन गतिविधियों का प्रभाव जमीन पर दिखाई दे इसके लिए अच्छीव गतिविधियां शामिल करें। बीईओ-बीआरसी इसकी सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञान सूत्र के कार्यक्रमों के लिए तैयारी कराने, प्रवेशोत्सव के तुरंत बाद ज्ञानसूत्र शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में पाठयपुस्ततक वितरण की ऑनलाईन फीडिंग, गणवेश की राशि, नवीन नामांकन, प्रवेशोत्सआव, पाठयपुस्तरकों की स्कूसलों में रिसिविंग, स्वितंत्र अभ्याशस आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नीस वरकड़े, डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा, एपीसी शेषमणी गौतम, एपीसी संतोष साहू, बीईओ रंजीत गुप्तार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का कैबिनेट मंत्री ने किया पुष्पवर्षा कर स्वागत



**मण्डला,देशबन्धु।** चैत्र महीने में पवित्र उत्तर वाहिनी पैदल नर्मदा परिक्रमा का शुभारंभ हुआ जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न राज्यों सहित मंडला जिले के नर्मदा भक्त शामिल हुए महाराजपुर कारीकोन नर्मदा परिक्रमा पथ पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों स्थानीय नागरिकों ने उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत, अभिवादन करते हुए हर हर नर्मदे के जय घोष किए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव के साथ परिक्रमा यात्रियों को जलपान कराया। उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रा के प्रथम दिन का पड़ाव ग्राम घाघी में हुआ, यहां शाम को आयोजित नर्मदा आरती में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि उत्तर वाहिनी मां नर्मदा की पवित्र परिक्रमा यात्रा के प्रति लोगों की श्रद्धा आस्था विश्वास और आध्यात्मिक भाव का ये अदभुत समागम है।पैदल परिक्रमा में वृद्धजन मातृ शक्तियों,युवा बड़ी संख्या में शामिल हैं । ये मां नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा का भाव मन में समेटे हुए है। परिक्रमा पथ पर जगह-जगह हर हर नर्मदे नमामि देवी नर्मदे जल तरंग सर्वदा नमामि देवी नर्मदा के जयकारों का गुंजायमान से नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने मां नर्मदा के तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना, नर्मदा जी का प्रवाह निरंतर बना रहे जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण नर्मदा जी के तटों में प्लास्टिक की सामग्री का उपयोग बंद करने के संदेश की तख्ती लेकर मार्ग में चल रहे है। उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा का यह नजारा नर्मदा परिक्रमा पथ पर हमारी सनातन धार्मिक परंपरा, आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा जी से प्रार्थना है कि यह पवित्र यात्रा सभी के लिए सुख समृद्धि और मंगलमई हो। उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा यात्रा का 28 मार्च को व्यास नारायण मंदिर राजराजेश्वरी वार्ड मंडला में समापन होगा।

**जिला परिवहन कार्यालय मण्डला, जिला मण्डला**

**-:शपथ पत्र:-**

मैं भुपेन्द्र कुमार चौधरी पिता स्व. एच.एल. चौधरी, आयु 52 वर्ष, निवासी ग्राम देवदरा, तहसील व जिला मण्डला का निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:- यह कि, मैं उपरोक्तानुसार पते का स्थाई निवासी हूँ, तथा मेरा पूरा एवं सही नाम भूपेन्द्र कुमार चौधरी है तथा मैं इसी नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा एवं लिखा जाता हूँ, जो कि अभिलेखगत नाम होकर शासकीय अशासकीय दस्तावेजों से प्रमाणित है। यह कि मेरे नाम से स्वयं का वाहन चालन अनुज्ञप्ति क्रमांक एमपी 51 आर 0053143 जारी की गई है, जिसकी वैधता समाप्त हो जाने से मेरे द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त वाहन चालन अनुज्ञप्ति में मेरा अपूर्ण नाम भूपेन्द्र चौधरी अंकित है, तथा अपूर्ण नाम भूपेन्द्र चौधरी एवं पूर्ण नाम भूपेन्द्र कुमार चौधरी दोनों भिन्न व्यक्ति न होकर एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के ही नाम है। अत: उक्त वाहन चालन अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण में मेरा पूरा व सही नाम भूपेन्द्र कुमार चौधरी अंकित किया जाये। तदाशय का यह शपथपत्र निष्पादित करता हूँ यदि भविष्य में कोई वैधानिक बाधा उत्पन्न होती है तो जिसके लिए मैं स्वयं जवाबदार रहूँगा।

शपथकर्ता

**//सत्यापन//**

मैं भुपेन्द्र कुमार चौधरी पिता स्व. एच.एल. चौधरी, आयु 52 वर्ष, निासी ग्राम देवदरा तहसील व जिला मण्डला का आज दिनांक 27.03.2025 को हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित कथन मेरी स्वयं के ज्ञान व जानकारी से सच व सही है।

सत्यापनकर्ता